an>

Title: Regarding bad services provided by BSNL in Panchmahal Parliamentary Constituency.

श्री पी.पी.चौहान (पंचमहल): महोदय, मैं आपके माध्यम से बीएसएनएल टावर संबंधी एक मामला उठाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेतू पंचमहल जिले की गोधरा तालुका में बीएसएनएल टावर पूरी तरह से बंद अवस्था में है। मेरे घर का टेलीफोन बंद है। जब मैं अपने संसदीय क्षेतू में जाता हूं तो नेटवर्क कमजोर होने के कारण मेरा मोबाइल फोन काम नहीं करता है। लाइन ठप पड़ी रहती है, मेरे घर का फोन बंद पड़ा रहता है। अधिकारियों से बात करने पर वे मैटेरियल के अभाव को कारण बताते हैं। राज्य सरकार ने जिलेवार टावर्स की कमी का सर्वे कराकर केन्दू सरकार को भेजा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंतूी जी से मांग करता हूं कि हमारे संसदीय क्षेतू में टावर की यह जो समस्या है, उसके लिए अपने अधिकारियों की टीम भेजकर सर्वे कराएं और उक्त समस्या के बारे में पेंडिंग पूपोजल को जल्द से जल्द कार्यान्वित किया जाए।